अन्तर्महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में दिनांक 21 फरवरी 2019 को संस्कृत साहित्य परिषद् के तत्वावधान में 'गीता का महत्व और कालिदास का साहित्यिक परिचय' विषय पर अन्तर्महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी के कुशल नेतृत्व व देख रेख में किया

गया। प्रतियोगिता में जिला पलवल व फरीदाबाद के 4 महाविद्यलयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक निबंध लिखकर अपने विचार प्रस्तुत किये। अन्य महाविद्यालयों से आये साथी प्रध्यापकगणों ने निबंध के शीर्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों ही शीर्षक बहुत महत्वपूर्ण हैं।

इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों में मौलिकता, रचनात्मक आदि भावनाएं अंकुरित होती हैं। इसलिए समय-समय पर इन गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है।

प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा-

प्रथम- निशा, अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़

द्वितीय- पूजा, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल

तृतीय- अमरीना, राजकीय महिला महाविद्यालय, फरीदाबाद तथा पूजा रानी, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल

सांत्वना पुरस्कार- चेतना, अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ तथा राधा, के० एल० मेहता दयानन्द महिला महाविद्यालय, फरीदाबाद

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ० पूजा सैनी, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ० रामचंद्र की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में उप-प्राचार्या श्रीमती कमल टंडन के कर कमलों द्वारा विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।